# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2022 (ANNUAL) | 306

## HINDI (Compulsory)

**समय : 03 घंटा 15 मिनट** **हिन्दी (अनिवार्य)** **पूर्णांक :– 100**

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**I.A.**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 100+6 = 106**

**Total no. of Questions : 100+6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब**।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जायगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें। (50 x 1 =50)

1. ''मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है।'' किस पठित पाठ की पंक्ति है ?

   (A) उसने कहा था (B) शिक्षा

   (C) ओ सदानीरा (D) अर्धनारीश्वर

2. ''भगति विमुख जे धर्म सो सब अधर्म करि गाए।'' किस पठित पाठ की पंक्ति है?

   (A) छप्पय (B) कवित्त

   (C) कड़बक (D) अधिनायक

3. मुक्तिबोध का पूरा नाम है –

   (A) जगनंद माधब (B) गजानन माधव मुक्तिबोध

   (C) जगदानंद माधव (D) जगदीश माधव

4. नामवर सिंह का जन्म–स्थान कहाँ था ?

   (A) वाराणसी (B) लखनऊ

   (C) पटना (D) बेगूसराय

5. ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1950 (B) 1949

(C) 1975 (D) 1905

6. मलयज का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1938 (B) 1940

(C) 1942 (D) 1935

7. रघुवीर सहाय का निधन कब हुआ था ?

(A) 1990 (B) 1980

(C) 1985 (D) 1991

8. ज्ञानेंद्रपति का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1940 (B) 1950

(C) 1942 (D) 1948

9. सुभद्रा कुमारी चौहान का निधन कब हुआ था ?

(A) 1948 (B) 1942

(C) 1945 (D) 1946

10. 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' हिन्दी साहित्य की कौन–सी विधा है ?

(A) डायरी (B) यात्रा वृत्तांत

(C) आत्मकथा (D) शब्दचित्र

11. 'कड़बक' में किसकी महिमा का बखान है ?

(A) मनुष्य (B) ईश्वर

(C) प्रेम (D) दानव

12. निम्न में से गद्य कविता कौन है ?

(A) अधिनायक (B) गाँव का घर

(C) प्यारे नन्हें बेटे को (D) हार–जीत

13. 'उषा का जादू कब टूटता है ?

(A) सूर्यास्त के समय (B) सूर्योदय के समय

(C) दोपहर के समय (D) इनमें से कोई नहीं

14. 'कलीराम' किस पठित पाठ से संबंधित है ?

(A) जूठन (B) तिरिछ

(C) रोज (D) शिक्षा

15. सूरदास के दीक्षा गुरू का नाम क्या है ?

(A) बल्लभाचार्य (B) सहजानन्द

(C) रामानन्द (D) विट्ठलनाथ

16. संत तुलसीदास किस प्रकार के कवि हैं ?

(A) पृथक्तावादी (B) छायावादी

(C) समन्वयवादी (D) रहस्यवादी

17. पठित पाठ में 'तिरिछ' क्या है ?

(A) बिषैला छिपकली (B) षड़यंत्रकारी

(C) नक्सली (D) अनिष्टकारी जीव

18. सूरदास की पठित रचना में किस रस की प्रधानता है ?

(A) श्रृंगार रस की (B) वात्सल्य रस की

(C) वीर रस की (D) वीभत्स रस की

19. निम्न में से 'राष्ट्रकवि' की उपाधि किसे मिली है ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) नागार्जुन

(C) प्रेमचंद (D) बिहारी लाल

20. निम्न में से 'प्रेम की पीर' के कवि कौन हैं ?

(A) जायसी (B) कबीरदास

(C) तुलसीदास (D) सूरदास

21. 'कविता के नए प्रतिमान' के रचयिता कौन हैं ?

(A) नामवर सिंह (B) भगत सिंह

(C) मलयज (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

22. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी में किसकी प्रधानता है ?

(A) धर्म की (B) कर्म की

(C) चरित्र की (D) भाव की

23. गंडक नदी किस पठित पाठ से संबंधित है ?

(A) तिरिछ (B) ओ सदानीरा

(C) शिक्षा (D) बातचीत

24. तिरिछ का किस पठित पाठ से संबंध है ?

(A) शिक्षा (B) बातचीत

(C) ओ सदानीरा (D) इनमें से कोई नहीं

25. भूषण की रचना में किस रस की प्रधानता है ?

(A) हास्य रस (B) वीभत्स रस

(C) वीर रस

(D) श्रृंगार रस

26. जयशंकर प्रसाद का किस वाद से संबंध है ?

(A) प्रयोगवाद

(B) प्रगतिवाद

(C) छायावाद

(D) नकेनवाद

27. 'गैंग्रीन' का संबंध किस पाठ से है ?

(A) उसने कहा था

(B) रस्सी का टुकड़ा

(C) तिरिछ

(D) रोज

28. भगत सिंह की माता का नाम है –

(A) विद्यावती

(B) फूलवती

(C) कलावती

(D) सुन्दरवती

29. भगत सिंह के पिता का नाम है –

(A) सरदार किशन सिंह

(B) सरदार बिशण सिंह

(C) अजीत सिंह

(D) सरदार स्वर्ण सिंह

30. रामधारी सिंह दिनकर की पत्नी का नाम है –

(A) श्यामवती देवी

(B) विद्या देवी

(C) नारायणी देवी

(D) रत्नावली देवी

31. ओमप्रकाश वाल्मीकि के पिता का नाम है –

(A) छोटनलाल

(B) ललनराम

(C) रतनलाल

(D) जगतराम

32. ओमप्रकाश वाल्मीकि की माता का नाम है –

(A) मकुंदी देवी

(B) सुभद्रा देवी

(C) कल्पना देवी (D) सपना देवी

33. मुक्तिबोध की माता का नाम है –

(A) पार्वती बाई (B) गौरी बाई

(C) मंगली देवी (D) सुनयना देवी

34. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) जयपुर (B) वाराणसी

(C) देहरादून (D) चंडीगढ़

35. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी के पिता का क्या नाम था ?

(A) पं0 हरिराम (B) पं0 शिवराम

(C) पं0 गणेशराम (D) पं0 आत्माराम

36. तुलसीदास का जन्म स्थान कहाँ है ?

(A) राजापुर, उत्तर प्रदेश (B) सिमरिया, बिहार

(C) तिकवाँपुर, उत्तर प्रदेश (D) पथरगामा, झारखंड

37. ज्ञानेन्द्रपति का जन्म–स्थल कहाँ है ?

(A) गोड्डा, झारखंड (B) बाँदा, उत्तर प्रदेश

(C) बेगूसराय, बिहार (D) ग्वालियर, मध्य प्रदेश

38. गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्म–स्थान है –

(A) श्योपुर, ग्वालियर (B) पथरगामा, गोड्डा

(C) निहालपुर, इलाहाबाद (D) सीही, दिल्ली

39. सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म स्थान है –

(A) निहालपुर, उत्तर प्रदेश (B) राजापुर, उत्तर प्रदेश

(C) जायस, अमेठी　　(D) जीअनपुर, वाराणसी

40. रामधारी सिंह दिनकर के माता–पिता का नाम है –

(A) मनरूप देवी एवं रवि सिंह　　(B) हुलसी एवं शिवराम

(C) पार्वती देवी एवं बेनीभट्ट　　(D) व्यंती देवी एवं हीरानंद शास्त्री

41. अज्ञेय के माता–पिता का नाम है –

(A) विद्यापति एवं रवि　　(B) व्यंती देवी एवं हीरानंद शास्त्री

(C) प्रभावती एवं त्रिलोकीनाथ　　(D) संजीवम्मा एवं नारायणा

42. जे0 कृष्णमूर्ति के माता–पिता का नाम है –

(A) संजीवम्मा एवं नारायणा जिद्दू　　(B) मनरूप देवी एवं रवि सिंह

(C) धिराज कुँवर एवं रामनाथ सिंह　　(D) विद्यावती एवं रवि सिंह

43. बालकृष्ण भट्ट के माता–पिता का नाम है –

(A) पार्वती देवी एवं बेनी प्रसाद भट्ट　　(B) मनरूप देवी एवं रवि सिंह

(C) हुलसी एवं आत्माराम　　(D) प्रभावती एवं रवि सिंह

44. जयशंकर प्रसाद के पिता का नाम है –

(A) देवी प्रसाद साहु　　(B) रविरंजन साहु

(C) आत्माराम साहु　　(D) शिवराम साहु

45. तुलसीदास के दीक्षा गुरू कौन थे ?

(A) नरहरिदास　　(B) सुखमणिदास

(C) बल्लभाचार्य　　(D) श्री नारायणदास

46. ''जाड़ा क्या है, मौत है और 'निमोनिया' से मरने वालों को मुरब्बे नहीं मिला करते'' यह किस पठित पाठ की पंक्ति है ?

(A) उसने कहा था | (B) रोज

(C) तिरिछ | (D) प्रगीत और समाज

47. 'सूबेदारनी' किस कहानी की पात्रा है ?

(A) रोज | (B) उसने कहा था

(C) शिक्षा | (D) अर्धनारीश्वर

48. ''नारी और नर एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएँ हैं।''–किसकी उक्ति है ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर | (B) नागार्जुन

(C) प्रेमचंद | (D) नामवर सिंह

49. ''कामिनी तो अपने साथ यामिनी की शांति लाती है।''–यह पंक्ति किस पठित पाठ की है ?

(A) अर्धनारीश्वर | (B) प्रगीत और समाज

(C) तिरिछ | (D) उसने कहा था

50. ''तेरी कुड़माई हो गई ?'' किस पठित पाठ की पंक्ति है ?

(A) उसने कहा था | (B) रोज

(C) जूठन | (D) तिरिछ

51. 'त्राहि–त्राहि करना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) बहुत दुखी होना | (B) नाराज होना

(C) क्रोध करना | (D) रोना

52. 'कान देना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) लज्जित होना | (B) प्रतीक्षा करना

(C) ध्यान देना | (D) बहकाना

53. ‘घी के दीये जलाना’ मुहावरे का अर्थ है –

(A) रोशनी करना (B) मन चंचल होना

(C) आनन्द मनाना (D) प्रकाशित करना

54. ‘एक पंथ दो काज’ मुहावरे का अर्थ है –

(A) दो कार्य एक साथ होना (B) त्रिमुहानी

(C) द्विमुहानी (D) कामकाजी होना

55. ‘जी चुराना’ मुहावरे का अर्थ है –

(A) दिल चुरा लेना (B) किसी काम से भागना

(C) दिल हर लेना (D) प्यार होना

56. ‘लकीर का फकीर होना’ मुहावरे का अर्थ है –

(A) लम्बा होना (B) परम्परावादी होना

(C) फकीर होना (D) आधुनिक होना

57. ‘नायक’ शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) ने + अक (B) नै + अक

(C) निः + अक (D) ना + यक

58. ‘उद्‌गम’ शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) उत् + गम (B) उद् + गम

(C) उत + अगम (D) उत् + आगम

59. ‘जगदानन्द’ शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) जगत् + आनन्द (B) जग + आनन्द

(C) जग + नन्द (D) जगदा + नन्द

60. ‘महाशय’ शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) महा + शय
(B) महा + आशय
(C) महा + अशय
(D) मह + आशय

61. ‘मनोहर’ शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) मनो + हर
(B) मनः + हर
(C) मनः + अहर
(D) मनो + अहर

62. ‘कमलेश’ शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) कमल + ऐश
(B) कमल + अश
(C) कमल + लेश
(D) कमल + ईश

63. ‘जगत’ शब्द का विशेषण है –

(A) जगदीश
(B) जागतिक
(C) जग
(D) जागना

64. ‘आधार’ शब्द का विशेषण है –

(A) अवरोध
(B) आधारित
(C) आधारिक
(D) आधारणीय

65. ‘संस्कृत’ शब्द का विशेषण है –

(A) संस्कृतेय
(B) संस्कृति
(C) सांस्कृतिक
(D) संस्कृती

66. ‘अग्नि’ शब्द का विशेषण है –

(A) आग
(B) आग्नेय
(C) अग्निय
(D) आगजनी

67. ‘दिन’ शब्द का विशेषण है –

(A) सुदिन
(B) दैनिक
(C) दिनभर
(D) दिवस

68. ‘फीसदी’ शब्द में उपसर्ग है –

(A) फी
(B) फीस
(C) फिर
(D) फ

69. ‘बिन देखा’ शब्द में उपसर्ग है –

(A) बिन
(B) बीन
(C) बिना
(D) बि

70. ‘नाचीज’ शब्द में उपसर्ग है –

(A) न
(B) ना
(C) नो
(D) नाच

71. ‘पढ़नेवाला’ शब्द में प्रत्यय है –

(A) वला
(B) वाला
(C) बाला
(D) बाल

72. ‘खिलाड़ी शब्द में प्रत्यय है –

(A) आड़ी (B) अड़ी

(C) ड़ी (D) ड़

73. 'दिखावट' शब्द में प्रत्यय है –

(A) आवट (B) वट

(C) अवट (D) वाट

74. निम्न में शुद्ध शब्द है –

(A) संसार (B) शीक्षक

(C) वीद्यार्थी (D) वाकय

75. निम्न में शुद्ध शब्द है –

(A) पुरूष (B) निलकंड

(C) ओरत (D) पारक

76. भूतकाल के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच (B) छः

(C) आठ (D) दस

77. 'सभापति' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) सभापत्नी (B) सभानेत्री

(C) सभाध्यक्षी (D) अभिनेत्री

78. 'नायक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) नायका (B) नायीका

(C) नायिका (D) नायिकी

79. 'अधिनायक' शब्द में उपसर्ग है –

(A) अधी (B) आधी

(C) अधि (D) आदि

80. 'अधिकार' शब्द में उपसर्ग है –

(A) आध (B) अध्

(C) अधि (D) आधि

81. 'लिखाई' शब्द में प्रत्यय है –

(A) इ (B) आई

(C) अई (D) ई

82. 'दौड़नेवाला' शब्द में प्रत्यय है –

(A) बाला (B) वाल

(C) वाला (D) बाल

83. 'मरता' शब्द में प्रत्यय है –

(A) ता (B) त

(C) ते (D) तो

84. 'खिलौना' शब्द में प्रत्यय है –

(A) ओन (B) ओना

(C) औना (D) ऑन

85. ‘फ’ वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) दंत (B) तालु

(C) ओष्ठ (D) मूर्द्धा

86. ‘म’ वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) ओष्ठ (B) कंठ

(C) तालु (D) दंत

87. ‘थ’ वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) ओष्ठ (B) दंत

(C) मूर्द्धा (D) तालु

88. ‘ध’ वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) दंत (B) तालु

(C) ओष्ठ (D) कंठ

89. ‘ग’ वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) दंत (B) ओष्ठ

(C) मूर्द्धा (D) कंठ

90. ‘भ’ वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) ओष्ठ (B) दंत

(C) तालु (D) कंठ

91. 'त' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) तालु (B) दंत

(C) ओष्ठ (D) कंठ

92. 'ढ' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) मूर्द्धा (B) कंठ

(C) ओष्ठ (D) दंत

93. 'ख' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) कंठ (B) दंत

(C) मूर्द्धा (D) ओष्ठ

94. 'छ' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) कंठ (B) तालू

(C) ओष्ठ (D) मूर्द्धा

95. 'यमुना' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) समूहवाचक

96. 'मंत्री' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) समूहवाचक

97. 'मिठास' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) भाववाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) समूहवाचक

98. 'गुच्छा' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक (B) जातिवाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) भाववाचक

99. 'मोती' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) भाववाचक

100. 'चावल' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) द्रव्यवाचक (B) भाववाचक

(C) समूहवाचक (D) जातिवाचक

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये : 1X8=8

(i) प्रिय कवयित्री : सुभद्रा कुमारी चौहान

(ii) मेरा मनपसंद पर्व

(iii) देहज प्रथा : सामाजिक अभिशाप

(iv) स्वास्थ्य और योग

(v) मोबाइल और विद्यार्थी जीवन

(Vi) वृक्षारोपण और प्रदूषण

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2X4=8

(क) ''वर–घर देखकर ही क्या करना है, कुंती ?

मानक आए तो कुछ हो भी। तुझे पता ही है, आजकल लोगों के हाथ कितने बढ़े हुए हैं।''

(ख) ''यहाँ से आगे तुम ले जाओ, मैं थक गया हूँ।''

(ग) ''इस संसार से संपृक्ति एक रचनात्मक कर्म है। इस कर्म के बिना मानवीयता अधूरी है।''

(घ) ''यह लगता है एक बार यदि
पल भर को उसको पा जाती
जी से लगा प्यार से सर
सहला सहला उसको समझाती।''

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें, जिसमें कोरोना–वैक्सीन राहत–शिविर लगाने का आग्रह किया गया हो। 1X5=5

अथवा

नगर निगम के पदाधिकारी के पास एक शिकायती–पत्र लिखें जिसमें अपने मुहल्ले की सफाई की चर्चा हो।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें – 5X2=10

(i) उषा का जादू कैसा है ?

(ii) हिन्दी कविता के इतिहास में प्रगीतों का स्थान निरूपित करें।

(iii) 'चौर' और 'मन' किसे कहते हैं ?

(iv) जयप्रकाश नारायण कम्युनिस्ट पार्टी में क्यों नहीं शामिल हुए ?

(v) 'बातचीत' शीर्षक निबंध की क्या विशेषताएँ हैं ?

(vi) भ्रष्टाचार की जड़ क्या है ?

(vii) शिवाजी की तुलना भूषण ने किन–किन से की है ?

(viii) तुलसीदास को किस वस्तु की भूख है ?

(ix) समूची दुनिया में जन–जन का युद्ध क्यों चल रहा है ?

(x) तुलसीदास ने 'दीनता और दरिद्रता' दोनों का प्रयोग क्यों किया है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) ''कैसी मृत्यु सुन्दर है ? आत्महत्या कायरता है।'' पठित पाठ के आधार पर इसकी समीक्षा करें।

(ii) 'उसने कहा था' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार करें।

(iii) पठित पाठ 'पेशगी' शीर्षक कहानी के आधार पर 'कारमेन' का चरित्र–चित्रण करें।

(iv) 'पुत्र–वियोग' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें।

(v) 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(vi) 'अधिनायक' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव लिखें।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1X4=4

(i) 'जितना इंसान का रकबा है, उतना ही भाषा का है। शब्द जब तक भाषा की इकाई है, तब तक उसकी हद है, जहाँ वह भाषा में अंतरित हुआ कोई हद नहीं। क्योंकि वह महासागर की बूँद के समान है। हद से अनहद तक का सफर ही शब्द से भाषा तक का सफर है। जो हम जानते हैं, वह हद है। जो जानना चाहते हैं, वह अनहद है। व्यक्ति–व्यक्ति के बीच भाषा में फर्क है। यही फर्क अपनी–अपनी हद का है। लोक ओर वेद इसी से समतोल है। वेद में जितनी गहराई है लोक में भी समायी हुई है। लोक और वेद दोनों भाषा का नहीं, आदमी का दो छोर है। जिसकी गति दोनों में है।

(ii) बोलने का विवेक, बोलने की कला और वाक् पटुता व्यक्ति की शोभा है, उसका आकर्षण है। सुबुद्ध वक्ता अपार जनसमूह का मन मोह लेता है, मित्रों के बीच सम्मान और प्रेम का केन्द्र–बिन्दु बन जाता है। जो लोग अपनी बात को राई का पहाड़ बनाकर प्रस्तुत करते हैं, वे एक ओर जहाँ सुनने वाले के धैर्य की परीक्षा लिया करते हैं, वहीं अपना और दूसरे का समय भी अकारण नष्ट किया करते हैं। वाणी का अनुशासन, वाणी का संयम और संतुलन तथा वाणी की मिठास ऐसी शक्ति है, जो हर कठिन स्थिति में हमारे अनुकूल ही रहती है। मरने के पश्चात् भी लोगों की स्मृतियों में हमें वह अमर बनाए रहती है। कम बोलो, सार्थक और हितकर बोलो। यही वाणी का तप है।